हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 27 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 वासुदेव नगर के नाम से जाना जाएगा वाड्रफनगर, नगर पंचायत में प्रस्ताव पास



## खबर संक्षेप

### झूलेलाल जयंती पर भव्य शोभा यात्रा 30 को

**अंबिकापुर।** सिंधी समाज का प्रमुख त्यौहार चेट्रीचंड महोत्सव 25 मार्च से शुरू हो गया है। महोत्सव की शुरुआत गांधी स्टेडियम में आयोजित सिंधी प्रीमियर लीग फ्लड नाइट क्रिकेट मैच से की गई। इस लीग मैच में 6 टीमों ने हिस्सा लिया है। समाज के मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया 25 मार्च को कार्यक्रम की शुरुआत के बाद 26 मार्च को गांधी स्टेडियम से सुबह 6 बजे एक दौड श्री झूलेलाल के नाम आयोजित की गयी है। 27 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे साथ ही सिंधु ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 28 मार्च को आनन्द मेला, 29 मार्च को सुबह 6.30 बजे शंकरघाट की सफाई अभियान तथा शाम 6 बजे घड़ी चौव्क पर दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष महोत्सव की विशेष बात यह है कि इसकी कमान मातृ शक्तियों तथा युवाओं को सौंपी गई है। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा 30 मार्च को सुबह आरती के बाद 11 बजे स्कूटर रैली निकाली जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 30 मार्च को शाम 5 बजे निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा होगी। यात्रा सिंधु भवन से प्रारंभ होगी। भगवान झूलेलाल रथ पर विराजमान होंगे। यात्रा में विभिन्न झांकियां भी शामिल रहेंगी। बहार से आये कलाकारों द्वारा भव्य रोड शो का भी आयोजन किया गया है। यात्रा झूलेलाल मार्ग स्थित सिन्धु भवन से शुरू होकर महाराजा गली, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुद्वारा रोड, गुरुनानक चौक, पुलिस लाईन, गौरी मन्दिर होते हुए शंकर घाट पहुंचेगी जहां पवित्र ज्योति विसर्जन के साथ इस यात्रा का समापन होगा। सिन्धी समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी ने सभी समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

### मेहमानी करने आए ग्रामीण की कुएं में डूबने से मौत

**धौरपुर।** धौरपुर क्षेत्र में मेहमानी करने गए ग्रामीण की कुआं में गिरने तथा पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम कोल्डीहा निवासी चुटी भगत आ. कुन्डो भगत (68 वर्ष) गत दिन धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बबोली बथानपारा निवासी रिश्तेदार बागर साय के यहां मेहमानी करने गया था। रात में भोजन करने के पश्चात सो गया। इसी बीच देर रात घर से बाहर निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह घर के पास ही कुआं में चुटी भगत का शव मिला। अंदेशा लगाया जा रहा है रात में अंधेरा के दौरान कुआं में गिर गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है।



रमज़ान मुबारक

छब्बीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.14 बजे

कल की सेहरी - 4.30 बजे

## नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं, सड़क एवं पानी निकासी बड़ी समस्या

# शहर में अवैध कॉलोनियों की बाढ़ बनी ननि प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार विकसित हो रही अवैध कॉलोनियां प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गई हैं। इन कॉलोनियों द्वारा कालोनाइजर एक्ट का पालन करने से शहर विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है वहीं भविष्य के लिए आवागमन एवं जल निकासी के लिए संकट उत्पन्न हो रहा है। नगर निगम में ऐसी अवैध कॉलोनियों को ननि अधिनियम 1958 की धारा 292 (च) के तहत विकसित करने की योजना बनाई है लेकिन इसका क्रियान्वयन अभी तक शुरू नहीं हो सका है।

**खास बातें**

- 300 से अधिक कॉलोनियों में रह रहे हजारों परिवार
- ननि ने धारा 292 के तहत विकसित करने बनाई योजना

शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही बड़े पैमाने पर जगह-जगह आवासों का निर्माण हो रहा है। पूर्व में शहर के पुरानी आबादी क्षेत्र में ननि भवन अनुज्ञा प्रदान कर रहा था। पुराने आबादी क्षेत्र में सभी मूलभूत सुविधाएं विकसित होने के कारण इस क्षेत्र के निर्माण को वैध मान लिया गया है लेकिन शहर के बाहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कॉलोनियां विकसित हो रही हैं। भूमि की मांग बढ़ने के कारण प्रभावशाली लोग कृषि भूमि को खरीदकर अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। जरूरतमंद लोग इन छोटे-छोटे प्लाटों को खरीदकर घर बना रहे हैं। प्लाटिंग के दौरान भूमि समतलीकरण, आवागमन के सड़क, पानी, बिजली एवं पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मास्टर प्लान की अवहेलना हो रही है साथ ही ननि के आय में भी कमी आ रही है। इन कॉलोनियों की भूमि उबड़-खाबड़ होने के कारण गंदे पानी की निकासी बंद हो गई है वहीं आवागमन के लिए सड़क की व्यवस्था नहीं होने से भविष्य के लिए बड़ी समस्या हो गई है। ननि से भवन अनुज्ञा नहीं मिलने के कारण लोगों ने नियमों की अवहेलना कर नक्शा स्वीकृत कराए बिना ही लोगों ने भवन निर्माण भी करा लिया है। ऐसी कॉलोनियों में न तो पार्किंग की जगह है न ही हरियाली की। ननि प्रबंधन लम्बे समय से ऐसी कॉलोनियों पर रोक लगाने का विचार कर रहा है लेकिन सफलता नहीं मिल रही है। भूमि पंजीयन के दौरान मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता की जानकारी लेने का प्रावधान नहीं होने के कारण ऐसे कॉलोनियों पर रोक लगाना संभव नहीं है। प्रभावशाली लोग कृषि भूमि खरीद कर नियमानुसार आसानी से डाइवर्सन भी करा लेते है जिसके कारण ऐसी कॉलोनियों की संख्या लगातार बढ़ते जा रही है।



अवैध कॉलोनी का उबड़ खाबड़ रास्ता।

### 300 से अधिक अवैध कॉलोनियां

ननि एवं आसपास के क्षेत्रों में 300 से अधिक अवैध कॉलोनियां आकार ले चुकी है। हालांकि ननि अभी तक 50 अवैध कॉलोनियों का ही चिन्हांकन कर पाया है। इन कॉलोनियों में कहीं टीला है तो कहीं गड्ढा है। प्लाट खरीदने के बाद लोगों ने भी भविष्य की चिंता किए बिना मनमाने तरीके से निर्माण कर लिया है। किसी घर की नींव सतह से पांच फीट ऊपर तो किसी की सतह से 4 फीट नीचे। ऐसे में आवागमन के लिए निर्धारित जगह अनुपयोगी हो गई है। इन कॉलोनियों में सबसे बड़ी समस्या पानी निकाली की है।

### इन क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की बाढ़

जमीन की कीमतें आसमान पर पहुंचने के कारण प्रभावशाली लोग नमनाकला, विशुनपुर, गंगापुर, मठपारा, पचफेड़ी, लक्ष्मीपुर, बंजारी, नवागढ़, धुटरापारा, चांदनी चौक, चोरकाकछार, फुंदुरडिहारी, सुभाष नगर, भगवानपुर, कन्या परिसर रोड आदि क्षेत्रों में कृषि भूमि का अंतरण करा छोटे-छोटे प्लाट काटकर बेच रहे हैं जो दो-चार महीने में कॉलोनी बन जा रही है। ऐसे भूखण्डों का भूमि अनुज्ञा देने का प्रावधान नहीं होने के कारण अवैध निर्माण की बाढ़ आ गई है। अब तो शहर से सटे ग्राम पंचायतों में भी सैकड़ों कॉलोनियां बन गई है।

### धारा 292 के प्रावधान

अवैध कॉलोनियां भविष्य में ननि के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। ननि अधिनियम 1958 की धारा 292 की उपधाराओं में ननि को ऐसे कॉलोनियों के विक्रेता से प्रति वर्ग फीट की दर से विकास शुल्क वसूलने एवं सुविधाएं विकसित करने का अधिकार है। इसके लिए कॉलोनी के विक्रेता एवं क्रेता को एक-एक महीने की नोटिस देकर दावा-आपत्ति की सुनवाई उपरांत पूरी भूमि का ननि आयुक्त नाम कर खरीद-विक्रय एवं निर्माण पर रोक लगाने का प्रावधान है। निर्धारित दर से विकास शुल्क का भुगतान करने के उपरांत ननि रोक को हटाएगा तथा प्राप्त राशि से सुविधाएं विकसित करेगा। इन नियम को लागू करने के पूर्व ननि ने सुभाषनगर की एक कॉलोनी को विकसित करने की योजना बनाई है ताकि अन्य कॉलोनियों को विकसित करने में आसानी हो।

### प्रेरित करने बना रहे आदर्श कॉलोनी

अवैध कॉलोनियों के कॉलोनाइजर एवं निवासियों को नियमितीकरण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक अवैध कॉलोनी को विकसित कर आदर्श बनाया जा रहा है। इस कॉलोनी में सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की पहल चल रही है।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, ननि

# प्रधान पाठक करता था छात्राओं से बैड टच, शिकायत के बाद निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले के मिडिल स्कूल में प्रधान पाठक द्वारा शाला की बच्चियों से अश्लील हरकत करने और गलत तरीके से छूने का मामला सामने आया है। छात्राओं ने ही इस मामले की शिकायत टोल फ्री नम्बर पर की जिसके बाद जांच उपरांत प्रधान पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है इसके साथ ही प्रधान पाठक के खिलाफ सूरजपुर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

- जांच उपरान्त दर्ज किया गया अपराध, सूरजपुर क्षेत्र का मामला

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले में संचालित शासकीय माध्यमिक शाला में पढने वाली कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं कक्षा की छात्राओं ने 24 मार्च को टोल फ्री नम्बर 1098 में शिकायत की गई थी कि स्कूल के प्रधान पाठक द्वारा बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने के साथ ही गलत तरीके से उन्हें टच किया जाता है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा जांच टीम का गठन किया गया था। जांच टीम में एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भारती वर्मा और जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने स्कूल जाकर मामले की जांच की। जांच के दौरान स्कूल की 9 छात्राओं ने हेडमास्टर मो. रउफ पर बैड टच करने की जानकारी दी। छात्राओं ने बताया कि, हेडमास्टर उनके नाजुक अंगों को छूते हैं। करीब एक साल से वे हेड मास्टर के बैड टच से प्रताड़ित हैं। इनमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राएं शामिल हैं। स्कूल में बैड टच को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस दौरान उन्हें गुड टच और बैड टच की जानकारी दी गई थी। छात्राओं ने स्कूल की महिला शिक्षिका को हिम्मत कर हेडमास्टर की शिकायत की। शिक्षिका ने छात्राओं को टोल फ्री नंबर बताया, जिसमें छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत में आरोपों की पुष्टि होने के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा हेमंत उपाध्याय ने 25 मार्च को प्रधान पाठक मो. रउफ को निलंबित कर दिया गया है। मो. रउफ का निलंबन अवधि में मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर तय किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में बीईओ सुनील कुमार पोर्ते द्वारा थाने में शिकायत की गई है। बीईओ की शिकायत के बाद प्रधान पाठक के खिलाफ बीएनएस की धारा 75(2), लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 10, अजा-अजजा (नृशंसता निवारण) अधिनियम 1989, संसोधन अधिनियम 2015 की धारा 3(1)(डब्ल्यू),(आई) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा अब इस मामले की जांच की जा रही है।



# एनएच पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

चचेरे भाई के साथ अंबिकापुर तरफ से आ रहे बाइक सवार युवक लहसुन सब्जी लोड ट्रक से टकरा गए हैं। भीषण दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि एक अन्य सवार को गंभीर चोट आई है।

- चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल

जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेलईकछार केनापारा में पीताम्बर साहू के घर समीप राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीजे 3220 के चालक उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हनुमानगढ़ निवासी लक्ष्मण सिंह पिता प्रभु राम को बिश्रामपुर से अंबिकापुर की तरफ जा रहे लहसुन सब्जी लोड ट्रक क्रमांक एमपी 09जेड जेड 9210 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को विपरीत दिशा से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक चालक लक्ष्मण सिंह पिता प्रभु राम की मौके पर मौत हो गई है और बाइक सवार चचेरा भाई रामकेशव उईके पिता रजन राम के सिर व पैर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल व मृतक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में ले जाकर भर्ती करा दिया है। उक्त दुर्घटना बुधवार की शाम करीब छह बजे की बताई जा रही है।दुर्घटना उपरांत ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस द्वारा बाइक व ट्रक को जब्त कर जयनगर थाना प्रांगण ले जाया गया है। बाइक के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

# गार्बेज कैफे को दिखावा बोलना दुखदायी, राजनीतिक पूर्वाग्रह से लिया गया निर्णय : डॉ. तिर्की

**अम्बिकापुर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अम्बिकापुर शहर पहचान दिलाने वाले गार्बेज कैफे को दिखावा बता बंद करने के निर्णय को कांग्रेस ने निराशाजनक और दुखदायी बताया है। पूर्व महापौर डॉ अजय तिर्की ने कहा है कि यदि गार्बेज कैफे और स्वच्छता के लिए अपनाए गए कदम दिखावे के लिए थे तो स्वच्छता के लिए मिले अवार्ड को वापस कर देना चाहिए।



- ननि द्वारा गार्बेज कैफे को बंद करने के ऐलान को लेकर दी प्रतिक्रिया

ॉ.अजय तिर्की ने कहा कि प्लास्टिक के इस्तेमाल को हतोत्साहित करने और रीयूजेबल प्लास्टीक के संग्रहण को बढ़ावा देने के लिए गार्बेज कैफे की परिकल्पना की गई थी। गार्बेज कैफे में एक किलो प्लास्टिक लाने पर भरपेट भोजन और आधा किलो प्लास्टिक पर नाश्ता दिया जा रहा था। इस नवाचार को देश ही नहीं बल्कि विदेशों में सराहना मिली। अम्बिकापुर की सम्मानित जनता की सहभागिता इस तरह के नवाचारों के बनिस्पत अंबिकापुर लगातार कई वर्षों तक स्वच्छता के क्षेत्र लगातार कई कीर्तिमान रचता गया। देश के तत्कालीन उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन शहरी विकास मंत्री हरदीप पूरी और मंत्रीगणों के हाथों अम्बिकापुर शहर पुरष्कृत हुआ। निगम की सत्ता में आते ही भाजपाइयों को को ये सब नवाचार इसलिए दिखावा लगने लगा है कि ये सब पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस की सरकार ने किया है। यदि ऐसा है तो उन्हें इन नवाचार की बदौलत मिले सम्मान को वापस कर देना चाहिए। पूर्व महापौर डॉ. तिर्की ने कहा कि यह राजनीतिक पूर्वाग्रह से ओछी सोंच के साथ लिया गया निर्णय है। नवनिर्वाचित महापौर और उनकी टीम को नए प्रयोग और नवाचार के माध्यम से अंबिकापुर को फिर से स्वच्छता में आगे ला कर यह बताना चाहिए ये हमने किया है। पूर्व की सरकारों की योजना को बंद कर राजनीति नहीं करनी चाहिये।

# गर्मी बढ़ते ही टाइगर रिजर्व के जंगलों में धधकने लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



बादल-बारिश का क्रम बंद होने एवं गर्मी बढ़ने के बाद फिर से जंगल में आग धधकने लगी है। आग से गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व भी सुरक्षित नहीं है।

- सीमावर्ती जंगल की आग से पूरी रात जलता रहा जंगल

सोमवार को सीमावर्ती जंगल की आग से देर रात तक टाइगर रिजर्व का जंगल जलता रहा वहीं बुधवार को जंगल में दो स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई।

हाल में हुई बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से गर्मी से राहत थी साथ ही जंगल में रोज-रोज हो रही आग लगने की घटनाएं भी रूक गई थी लेकिन बादल एवं बारिश का क्रम बंद होने के बाद फिर से भीषण गर्मी पड़ने लगी है। तेज गर्मी से वर्षा से भींगे जंगल के पुराने पत्ते फिर से सूख गए हैं। वैसे तो टाइगर रिजर्व मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त है लेकिन इसके बावजूद आए दिन जंगल में आग लगने की घटनाओं से वन्य जीवों एवं वनस्पतियों के लिए खतरनाक स्थिति निर्मित हो जा रही है। मंगलवार को मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जंगल की आग गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के मकरा दुआरी जंगल तक फैल गई तथा देर रात तक जंगल जलता रहा। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने देर रात तक आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार को कड़ी मशक्कत के बाद वन अमला आग बुझाने में सफल हुआ। आग से टाइगर रिजर्व का 20 हेक्टेयर जंगल झुलस गया है। बुधवार को पूर्वी बैजनपाठ एवं लुल्ह जंगल में भी आग लगने की घटना हुई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में दो दर्जन से अधिक बसाहटें है। इन गांवों के लोग भोर में ही परिवार के साथ महुआ बिनने आसपास के जंगल में पहुंच जाते है। महुआ पेड़ के नीचे की जगह को साफ करने के उद्देश्य से ग्रामीण सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं जो जंगल में फैल जाती है। टाइगर रिजर्व में हिंसक वन्य जीवों के साथ बड़ी संख्या में शाकाहारी जीव हैं। आग से जंगल में औषधीय वनस्पतियों के साथ ही विभिन्न प्रजाति के छोटे-छोटे पौधों एवं वन्यजीवों के अस्तित्व के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है।

इस संबंध में डिप्टी रेंजर सूर्यमान सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही तत्काल आग बुझाने की कोशिशे की जा रही हैं। महुआ बिनने वाले ग्रामीण एक समय में अलग-अलग क्षेत्रों में आग लगा रहे हैं जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 10वीं, 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारम्भ, पहुंचे 183 शिक्षक

**अम्बिकापुर।** बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारम्भ किया गया। प्रथम दिवस प्रशिक्षण एवं गेट पास जारी करने की प्रक्रिया के कारण बेहद कम संख्या में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ।

माध्यमिक शिक्षा मंडल से मूल्यांकन के लिए केंद्र को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के विभिन्न विषयों की 74 हजार उत्तर पुस्तिका प्राप्त हुई है। विभाग द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 195 विषय विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई थी जिसमें प्रथम दिवस 183 उपस्थित हुए। प्रथम दिवस विषय विशेषज्ञों को गेट पास जारी करने के बाद उन्हें मूल्यांकन संबंधी बोर्ड के निर्देशों से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनर ने विषय विशेषज्ञों को प्रशिक्षण देकर मूल्यांकन संबंधी बारीकियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन कार्य प्रारम्भ किया गया। प्रशिक्षण एवं गेट पास बनाने में अधिक समय लगने के कारण प्रथम दिवस मूल्यांकनकर्ताओं ने अधिकतम 5 से 10 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। प्रथम दिवस 10वीं संस्कृत विषय को छोड़कर सभी विषयों वहीं 12वीं बोर्ड की हिन्दी, गणित, इतिहास, भौतिकी, रसायन, कृषि, वाणिज्य एवं व्यवसायिक विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। गुरूवार से मूल्यांकन कार्य में तेजी आने की बात कही जा रही है। मूल्यांकन कार्य के लिए विद्यालय के 16 कमरों का उपयोग किया जा रहा है। इसके लिए हाईस्कूल के पांच एवं हायर सेकेण्डरी के 11 कमरों को लिया गया है। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी एलपी गुप्ता ने बताया कि अभी भौतिकी एवं व्यवसायिक विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं की कमी है। अन्य विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं की पर्याप्त संख्या है। गुरूवार से नियमानुसार दो सत्रों में मूल्यांकन कार्य चलेगा। प्रथम चरण में प्राप्त सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 14 अप्रैल तक किया जएगा।

## कार्यालयीन समय में अधिकारी-कर्मचारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति होगी, लोगों को मिलेगी सुविधा

# नई पहल: नगर निगम में राष्ट्रगान के साथ होगी कामकाज की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम में कर्मचारियों के कार्यालयीन समय पर उपस्थित रहने के साथ ही अनुशासन बनाए रखने के लिए ननि की सरकार ने एक नई अनुकरणीय पहल की है। इस पहल के तहत अब नगर निगम में प्रतिदिन राष्ट्रगान किया जाएगा। इस राष्ट्रगान में निगम के अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। हालांकि फील्ड वर्क वाले कर्मचारियों को इस नियम से राहत दी गई है। शहर की पहली महिला महापौर द्वारा यह नियम लागू किया गया है और संभवतः नगर निगम अंबिकापुर इस तरह की पहल करने वाला पहला निकाय है।

बता दें कि प्रदेश में अब सप्ताह में सिर्फ सोमवार से शुक्रवार तक ही शासकीय कार्यालय संचालित होते है। इस दौरान कर्मचारियों को सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश है लेकिन इस निर्देश का कहीं भी पालन नहीं हो पाता है। विभागों में अधिकारी-कर्मचारी पुराने ढर्रे के अनुसार 11 बजे के बाद कार्यालय पहुंचते है इसके साथ ही कई कर्मचारी को कार्यालय से गायब ही रहते है। ऐसे में कार्यालय में आने वाले नागरिकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही स्थिति नगर निगम की भी बनी हुई थी। नगर निगम में भी सप्ताह में 5 दिन ही कार्यालय का संचालन होने के बाद कई विभागों में कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते थे। ऐसे में नगर निगम में आने वाले लोगों को दिक्कत होती थी और छोटे छोटे काम के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम की पहली महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने नई पहल की है। इस नई पहल के तहत अब नगर निगम के कार्य दिवस की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ होगी। नगर निगम में प्रतिदिन सुबह 10 बजे राष्ट्रगान होगा। ननि महापौर द्वारा इस पहल को बुधवार से शुरू कर दिया गया है। इस दौरान मेयर श्रीमती भगत ने कहा कि राष्ट्रगान सिर्फ एक गीत नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। इस पहल से हम सभी के मन में देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना और अधिक मजबूत होगी। इस अभूतपूर्व निर्णय के पीछे उद्देश्य केवल राष्ट्र प्रेम का प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि कार्यस्थल पर अनुशासन और ऊर्जा का संचार भी है। राष्ट्रगान के बाद सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित होंगे। नगरपालिका निगम, अंबिकापुर इस पहल के माध्यम से नागरिकों को भी राष्ट्र प्रेम और अनुशासन के प्रति जागरूक करने का संदेश दे रहा है। यह राष्ट्रगान की अनूठी परंपरा निश्चित रूप से नगर के प्रशासनिक कार्यों में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगी। इस अवसर पर सभापति हरमिंदर सिंह, आयुक्त डी एन कश्यप, श्वेता गुप्ता, शशिकांत जायसवाल, प्रियंका गुप्ता, राहुल त्रिपाठी सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे 1



### व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का उद्देश्य

हमने यह निर्णय नगर निगम के काम काज में कसावट लाने के उद्देश्य से लिया है। इस पहल से अधिकारी कर्मचारी अनुशासन में रहेंगे और उनमें राष्ट्र प्रेम का भी संचार होगा। फील्ड वर्क करने वाले कर्मचारियों को इससे छूट रहेगी लेकिन ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित रूप से राष्ट्रगान में शामिल होना है।

-मंजूषा भगत, महापौर

## खबर संक्षेप

### 67 लोग थाने में तलब लिया गया फिंगरप्रिंट



**बिलासपुर।** एक बार फिर शहर में किराए का मकान लेकर नारियल, गुपचुप ठेला, फेरी लगाकर व्यापार करने वाले दूसरे प्रदेश के 67 लोगों को थाने में तलब कर पूछताछ हुई है। साथ ही फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहर आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से दूसरे प्रदेश के लोगों की धरपकड़ करने का निर्देश दिया है। सोमवार की रात सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने स्टाप के साथ क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर नारियल, गुपचुप ठेला व फेरी लगाने वाले दूसरे प्रदेश के 67 लोगों को पकड़कर घरों की तलाशी लेने के बाद थाने में तलब किया। पूछताछ करने के बाद सभी का फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज कर अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी देकर छोड़ दिया है। 3 दिन पहले तालापारा, ट्रैफिक थाना के पीछे किराए के मकान में रहने वाले दूसरे प्रदेश के 40 से 50 लोगों को थाने में तलब कर फिंगरप्रिंट लेकर मुसाफरी दर्ज किया गया था। पुलिस दूसरे प्रदेश से आकर यहां रहने वालों पर सतत नजर रख रही है।

### अवैध परिवहनः दो हाइवा सहित 10 ट्रैक्टर जब्त

**बिलासपुर।** खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्रवाई की गई है। टीम ने मंगला, निरतु, घुटकू, गनियारी, सरकंडा, सीपत एवं अन्य क्षेत्रों में खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की लगातार जांच की। इस दौरान बिना वैध पास के खनिज रेत, मुरुम व मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 12 मामलों पर कार्रवाई की गई। इसमें मंगला पाटबाबा व धुरीपारा क्षेत्र से 5 ट्रैक्टर, तुरकाडीह क्षेत्र से एक ट्रैक्टर, निरतु क्षेत्र से एक ट्रैक्टर, सरकंडा क्षेत्र से एक ट्रैक्टर व सीपत क्षेत्र से 2 ट्रैक्टर सहित कुल 10 ट्रैक्टर रेत का परिवहन करते पाए गए। इसी तरह रहंगी क्षेत्र से एक हाइवा पकड़ा गया। इसमें रेत का परिवहन किया जा रहा था। इसके साथ ही एक हाइवा घुटकू से पकड़ा गया। इसमें मुरुम का अवैध परिवहन किया जा रहा था। इसमें से किसी भी वाहन के पास परिवहन के लिए वैध पास नहीं था। सभी वाहनों को जब्त कर थाना सकरी, कोनी, सरकंडा एवं सीपत में रखा गया है। खनिज विभाग के मुताबिक राजस्व और पुलिस विभाग के साथ मिलकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### महिला की सोने की चेन लेकर भागे दो युवक

**बिलासपुर।** सफाई करने का झांसा देकर एक महिला के सोने की चेन लेकर दो युवक भाग गए। पुलिस युवकों का सुराग अब तक नहीं लगा पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर श्रृंगार कालोनी निवासी निगम कर्मचारी विनोद कुमार गुप्ता सोमवार को ड्यूटी पर चले गए थे। दोपहर 12 बजे दो युवक उनके घर और उनकी पत्नी सत्यभामा को बर्तन जेवर सफाई करने की बात कहीं। उनकी पत्नी ने उन्हें तांबे का लोटा सफाई करने दी। उन्होंने लोटा चमकाकर दे दिया। उसके बाद श्रीमती गुप्ता ने चांदी के पायल सफाई करने दी। उसे भी युवकों ने चमकाकर लौटा दिया। युवकों ने उन्हें सोने की चेन चमकाकर देने की बात कहीं। उनकी बातों में आकर उन्होंने सोने की चेन निकालकर दे दी। युवकों ने चेन लोटा में डालकर गर्म पानी लेकर आने को कहा। श्रीमती गुप्ता गर्म पानी लेने गई तब दोनों युवक सोने की चेन लेकर फरार हो गए। उन्होंने घटना की जानकारी अपने पति को दी। उसके बाद श्री गुप्ता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात दो युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों युवकों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## सोनहत मूंगफली तेल और सोनहनी जैविक शहद का किया शुभारंभ

# पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाएंः राज्यपाल



रेल्वे स्टेशन पर स्वागत करते कलेक्टर-एसपी।



सोनहत के मूंगफली तेल और सोनहनी जैविक शहद का अवलोकन करते राज्यपाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग के राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार की सुबह बैकुंठपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

कोरिया प्रवास के दौरान राज्यपाल श्री डेका का स्वागत छग की परंपरा के अनुसार लोक नृत्य के माध्यम से किया गया। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों से जुड़ी एजेंडेवार जानकारी प्राप्त की, जिसे कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। अपने एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने जिला अधिकारियों की बैठक में वन संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए पौधे लगाने की अपील की। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत सभी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, छात्रावास, कलेक्ट्रेट और अन्य सरकारी-अशासकीय कार्यालयों में पौधरोपण किया जाना चाहिए। उन्होंने वन विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि पौधे केवल लगाए ही न जाएं बल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल ने वन विभाग और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वनों की कटाई को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों और शहरी नागरिकों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि पौधे न सिर्फ हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचानी होगी। इस पहल से कोरिया जिले में हरित क्रांति को नई दिशा मिलने की उम्मीद है और प्रशासन की सहभागिता से जिले को अधिक हराभरा बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।



पौधरोपण करते राज्यपाल।

### लाल चंदन पौधरोपण

राज्यपाल श्री डेका ने कलेक्ट्रेट परिसर में लाल चंदन का पौध रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद उन्होंने पर्यटन पर आधारित डायरी और ब्रोशर का विमोचन किया, इसमें कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर खींची गई चिड़ियों की तस्वीरें शामिल हैं। वहीं राज्यपाल ने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के लिए तैयार किए जा रहे कोरिया मोदक लड्डू के स्टॉल का निरीक्षण किया और इस पहल की सराहना की।

### सोनहत मूंगफली तेल से महकेगी रसोई

छग के राज्यपाल रमेन डेका ने बुधवार को कोरिया जिले के किसानों द्वारा तैयार किए गए सोनहत मूंगफली तेल और सोनहनी जैविक शहद का शुभारंभ किया। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषि विज्ञान केन्द्र के सहयोग से 120 किसानों ने 60 हेक्टेयर भूमि पर मूंगफली की खेती की थी। इस पहल के तहत किसानों को धान के अलावा दलहन, तिलहन और मोटे अनाज की खेती की ओर प्रेरित किया गया। 100 रुपए प्रति किलो की दर से मूंगफली की बिक्री और प्रति हेक्टेयर 10-12 क्विंटल की पैदावार की जा रही है। अगले चरण में 120 हेक्टेयर तक उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। राज्यपाल ने कहा कि सोनहत मूंगफली तेल की शुद्धता इसे खास बनाएगी और इससे स्थानीय किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। राज्यपाल ने सोनहनी जैविक शहद का भी शुभारंभ किया, जो बैकुंठपुर और सोनहत के किसानों द्वारा झारखंड से लाए गए इटालियन मधुमक्खियों की मदद से तैयार किया जा रहा है। किसानों को जैविक शहद उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि मधुमक्खी पालन में नवाचार के लिए असम से विशेषज्ञों की टीम लाई जाएगी, इससे जैविक शहद उत्पादन से किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी। राज्यपाल श्री डेका ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल किसानों की समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# नवगठित जिले एमसीबी में पहली बार पहुंचे राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

छग के राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय एमसीबी जिले के प्रवास पर बुधवार को मनेन्द्रगढ़ पहुंचे, जहां कलेक्टर व एसपी ने उनकी आगवानी कर उनका स्वागत किया। इस दौरान जिला कलेक्टर कार्यालय आगमन पर सलामी देकर राज्यपाल रमेन डेका का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में राज्यपाल ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। राज्यपाल श्री डेका मनेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में हिस्सा लिए। उनके आगमन पर स्थानीय प्रशासन और गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल को जिले की विशेषताओं को दर्शाने वाला एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कलेक्टर सभा कक्ष में राज्यपाल ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। राज्यपाल ने चैनपुर में संचालित घरौंदा केन्द्र का दौरा किया। उन्होंने वहां रह रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और बुजुर्गो से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। राज्यपाल ने केन्द्र की सुविधाओं की सराहना की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके बाद राज्यपाल स्थानीय निवासियों के साथ संवाद किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें अपनी समस्याएं और सुझाव दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्यपाल ने जिले में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य आवासीय परियोजनाओं का तेंदूडांड में अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और लाभार्थियों से प्राप्त सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवास निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी जरूरतमंद परिवारों को जल्द से जल्द आवास प्रदान किए जाएं। राज्यपाल के दौरे को लेकर स्थानीय जनता में खासा उत्साह देखा गया। लोग उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखने में उत्साहित दिखे। राज्यपाल ने जिले के समग्र विकास के लिए प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

# आदिवासी समाज ने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की उठाई मांग



राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते सर्वआदिवासी समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सर्व आदिवासी समाज कोरिया के प्रतिनिधिमंडल ने 26 मार्च को राज्यपाल से मुलाकात कर आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, भूमि संरक्षण, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, वन अधिकार और सांस्कृतिक संरक्षण से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून (पेसा) और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए कहा कि इन प्रावधानों का सही तरीके से पालन नहीं होने से आदिवासी समाज के भूमि, स्वशासन, परंपराओं और संसाधनों पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कोरिया गनपत प्रसाद , कोषाध्यक्ष गिरजाशंकर पैकरा, उपाध्यक्ष नीरा सिंह कुसरो, सर्वजीत सिंह, गीता खलखो एवं सचिव विजय सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से आग्रह किया कि इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए और एक बैठक का अवसर प्रदान किया जाए, ताकि समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से रखा जा सके।

### नगर पंचायतों के गठन का विरोध

ज्ञापन में विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्रों में नगर पंचायतों और पालिकाओं के गठन को असंवैधानिक बताते हुए इसे तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने संविधान के अनुच्छेद 243 जेडसी और पांचवीं अनुसूची का हवाला देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत में बदले जाने की प्रक्रिया को निरस्त किया जाए और आदिवासी क्षेत्रों में स्वशासन एवं भूमि संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

### ये है प्रमुख मांगे

पांचवीं अनुसूची का पूर्ण क्रियान्वयन-अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समाज को स्वशासन का अधिकार मिले और ग्राम पंचायतों को नगर पंचायतों में बदले जाने की प्रक्रिया रोकी जाए। पेसा कानून (पेसा) का प्रभावी क्रियान्वयन-ग्राम सभाओं को सशक्त किया जाए और सरकारी योजनाओं में ग्राम सभाओं की राय सर्वोच्च प्राथमिकता बने। वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) का उचित क्रियान्वयन - वन अधिकार पट्टों का शीघ्र निपटारा हो और ग्राम सभाओं को सामुदायिक वन संसाधनों पर पूर्ण अधिकार मिले। शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार-आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षकों और डॉक्टरों की स्थायी नियुक्ति की जाए तथा अस्पतालों की संख्या बढ़ाई जाए। रोजगार और आजीविका के अवसर- स्थानीय आदिवासी युवाओं को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जाए और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण-आदिवासी भाषा, त्योहार, कला और परंपरागत व्यवसायों को सरकारी स्तर पर प्रोत्साहन मिले। जनजातीय अधिकारों की रक्षा गैर-आदिवासी व्यक्तियों द्वारा आदिवासी युवतियों से विवाह कर भूमि और राजनीतिक अधिकारों का हनन रोका जाए तथा जनजातीय प्रमाण पत्रों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाएं।

# फरार धान खरीदी केन्द्र प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटना

धान खरीदी में फर्जीवाड़ा कर 2 वर्षों से फरार गिरजापुर धान खरीदी केन्द्र प्रभारी व सहयोगी गिरफ्तार किए गए हैं। विदित हो कि कागजों में धान खरीद कर गिरजापुर के अलग-अलग चार घरों में 16200 बारदाना छुपाकर रखे थे, जिसे तहसीलदार की टीम ने छापामार कार्रवाई कर पकड़ा और कार्रवाई की। मामला पंजीबद्ध होने के बाद दोनों फरार थे और कोर्ट में आवेदन लगाकर अग्रिम जमानत के लिए प्रयास में रहे, लेकिन कोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिला।

बताया जा रहा है कि 24 मार्च को वे स्वयं गिरफ्तारी दिए, जहां से उन्हें न्यायालय भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में कोरिया जिले में 1 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हुई थी। धान खरीदी के दौरान पटना क्षेत्र के गिरजापुर धान खरीदी केन्द्र में बड़े पैमाने पर कागजों में धान खरीदी किए जाने की शिकायत हुई। शिकायत मिलने पर तत्कालीन कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर तत्कालीन तहसीलदार बैकुंठपुर एमएस राठिया के नेतृत्व में 28 जनवरी 2023 को गिरजापुर धान खरीदी केन्द्र एवं समिति के अधिकारी-कर्मचारियों के घरों में छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान 4 घरों से 16200 बारदाने जब्त किए गए और कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तत्कालीन हल्का पटवारी गिरजापुर योगेश गुप्ता, हल्का पटवारी संजय सूर्यवंशी, हल्का पटवारी रानू कुर्रे, हल्का पटवारी शकुंतला की टीम द्वारा गिरजापुर समिति के कर्मचारियों के अलग-अलग ठिकानों में छापामार कार्रवाई की गई। इसमें उमेश देवांगन के घर से 7000 बारदाना, दिनेश कुशवाहा के घर से 2000 बारदाना, ईश्वर साहू के घर से 7000 बारदाना, उमेश कुशवाहा के घर से 200 बारदाना कुल 16200 बारदाना जब्त किया गया था।

जब्त किए गए बारदानों के हिसाब से करीब डेढ़ करोड़ रूपए के धान खरीदी का फर्जीवाड़ा होने की बात उस समय अधिकारियों ने बताई थी। कार्रवाई के बाद तहसीलदार बैकुंठपुर रमेश राठिया द्वारा पंचनामा प्रतिवेदन पूरी कर अगली कार्रवाई के लिए भेजा गया और जांच के बाद मामला पंजीबद्ध हुआ, तब से दोनों आरोपी धान खरीदी केन्द्र गिरजापुर प्रभारी व चट्टा प्रभारी फरारी में चल रहे थे।

### पटना पुलिस ने की कार्रवाई



# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की आयुक्त ने की मदद

**डोमनहिल।** चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ साजापहाड़ पहुंच मार्ग से रोजाना की तरह मंगलवार की रात्रि को सुरेन्द्र समुन्द्रे आत्मज लल्ला, निवासी रेलवे स्टेशन के पास हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, जो कि पाराडोल रेलवे स्टेशन से ड्यूटी करके वापस अपने घर आ रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।



उसी वक्त उक्त मार्ग से गुजर रहे नगर पालिक निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला की नजर सड़क किनारे पड़े घायल व्यक्ति पर पड़ी। आयुक्त ने अपने वाहन चालक, स्टाफ मनीष और अरमान हथगेन की मदद से घायल को अपनी गाड़ी में बैठाया और अस्थायी जिला चिकित्सालय बड़ाबाजार में भर्ती करवाकर उपचार शुरू कराया। विदित हो कि सुरेन्द्र समुन्द्रे हल्दीबाड़ी के निवासी हैं और पाराडोल रेलवे स्टेशन में ड्यूटी करते हैं। वे प्रतिदिन मनेन्द्रगढ़-साजापहाड़ मार्ग से गुजरते हुए अपने कार्यस्थल जाते हैं। 25 मार्च की रात अचानक एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके हाथ में गंभीर चोटे आई। वहीं नगर निगम के आयुक्त रामप्रसाद आचला मंगलवार को छग के महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के एमसीबी प्रवास आगमन की तैयारियों को पूरा कर वापस चिरमिरी लौट रहे थे।

### जेल में हत्या के आरोपी के कत्ल की कोशिश, छूटने के बाद दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** जेल में गुटबाजी को लेकर हत्या के आरोपी की चम्मच से बने चाकू व पेंचकस से हत्या करने की कोशिश की गई थी। जमानत में छूटने के बाद कवर्धा से दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, हत्या के मामले में बिलासपुर के अल्ताफ खान, कमर अली उर्फ चीना, इस्राइल बक्स, राजेश दाउद जेल में बंद थे। वहीं कवर्धा जेल से स्थानातंरण में हत्या के आरोपी कवर्धा निवासी अब्दुल मेहताब खान, इदरिस खान, मो. आरिफ, मोहसीन, शेख रफीक, मो. सोफियान, आयाज खान केन्द्रीय जेल आए थे। जेल के अंदर दोनों गुटों के वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा था। 22 मार्च 2024 को दोनों गुटों के बीच भिड़ंत हो गई थी। एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की गई थी। आरोपियों ने अल्ताफ खान पर चम्मच से बने चाकू व पेंचकस से जानलेवा हमला कर दिया था। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जेल के अंदर दो गुटों के बीच हुई खूनी संघर्ष से हड़कंप मच गया था। पुलिस ने अल्ताफ खान की रिपोर्ट पर हमलावर कवर्धा के आरोपियों पर धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। दो दिन पहले आरोपी कवर्धा निवासी अब्दुल मेहताब खान, इदरिस खान जमानत पर जेल से रिहा हुए थे। जानकारी होने पर टीआई एसआर साहू के निर्देश पर एएसआई राजेशधर दीवान, भानू पात्रे ने स्टाप के साथ कवर्धा में दबिश देकर दोनों आरोपियों को पकड़कर शहर लेकर आई। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## गांव-शहर में घूम-घूम कर करते हैं ढोलक की बिक्री

# ढोलक की बिक्री करने मध्यप्रदेश से बैकुंठपुर पहुंचे युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पारंपरिक ढोलक बनाने वाले कलाकारों का दल बीते दिनों कोरिया में पहुंचे और ढोलक निर्माण कर विक्रय करने के कार्य में जुटे हैं। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के से लगे ग्राम खरवत चौक के पास सड़क किनारे अपना ठिकाना बनाए हुए हैं।

ढोलक बनाने वाले तीन-चार सदस्यीय परिवार के सदस्य बीते दिनों जबलपुर मप्र से आकर ढोलक बनाने के कार्र्य में जुटे हैं और कुछ सदस्य बने हुए ढोलक को लेकर सुबह होने के साथ ही विक्रय करने के लिए यहां-वहां निकल पड़ते हैं। बुधवार को ढोलक बनाने के कार्य में व्यस्त युवक रमजान ने बताया कि वे जबलपुर के झुग्गी झोपड़ी में रहते हैं और ढोलक बनाने का कार्य करते हैं।



उन्होंने बताया कि उनके पिता दादा का पुश्तैनी काम है, जिसे अब वे भी कर रहे हैं ओर अपने परिवार का भरण-पोषण इसी कला के माध्यम से कर रहे हैं। युवक रमजान ने बताया कि कोरिया जिले में वे चार-पांच वर्षो से आ रहे हैं और कुछ दिनों यहां रहकर ढोलक बनाते हैं और विक्रय करने के बाद वापस जबलपुर लौट जाते हैं। वहां से फिर किसी अन्य क्षेत्र में चले जाते हैं और अपना कारोबार करते हैं। उन्होंने बताया कि वर्षभर उनका यही कार्य है।



### वाद्ययंत्रों की मांग में आई है कमी

आधुनिक युग में डिजिटल संगीत का चलन तेजी से बढ़ रहा है, इस कारण पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मांग में कमी आई है, बावजूद इसके कुछ परिवार अपनी पीढ़ियों की कला को जीवित रखे हुए हैं और घूम-घूम कर पीढ़ियों से चली आ रही पुश्तैनी काम को करते हुए अपनी आजीविका चला रहे हैं। मशीन से बने ढोलक से प्रतिस्प्रर्धा करनी पड़ती है जो कि अक्सर सस्ते होते हैं।

### दिल्ली से मंगाते हैं कच्चा सामग्री

ढोलक बनाने वाले कलाकार रमजान ने बताया कि चमड़ा और लकड़ी का ढोलक अमरोह दिल्ली से मंगाते हैं, इसके बाद ढोलक को तैयार करने का काम इनके द्वारा किया जाता है। इनके पास लकड़ी के ढोलक के साथ मिट्टी व बांस की पट्टी लगाकर भी ढोलक बनाया जाता है।

### स्थानीय बाजार एवं मेले में करते हैं बिक्री

ढोलक बनाने वाला कलाकार रजमान ने बताया कि वैसे तो वे एक शहर से दूसरे शहर पहुंच कर ढोलक तैयार कर विक्रय करते हैं, इसके अलावा जबलपुर मध्यप्रदेश के बाजारों में ज्यादातर ढोलक बेचते हैं, इसके अलावा किसी मेले में जाकर भी ढोलक विक्रय करते हैं। उल्लेखनीय है कि ढोलक बनाने के लिए लकड़ी चमड़ा की लागत बढ़ रही है, इससे कलाकारों को ढोलक का उचित मूल्य पर बेचना मुश्किल होता है। चुनौतियों के बावजूद ढोलक बनाने वाले कलाकार अपनी कला के प्रति समर्पित है और वे अपनी आजीविका के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पंचायत सचिव संघ ने हवन पूजन कर जताया विरोध

**राजपुर।** प्रदेश स्तरीय आह्वान पर पंचायत सचिव संघ द्वारा अपनी एक सूत्रीय मांगों को लेकर 17 मार्च से हड़ताल पर डटे हुए हैं। मंगलवार को माता कर्मा जयंती के अवसर पर सचिवों ने छत्तीसगढ़ के मंत्रिमंडल के सद्बुद्धि के लिए हवन पूजन किया। 17 मार्च को विधानसभा घेराव के बाद पंचायत सचिव अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सचिवों के हड़ताल पर जाने से पंचायतों के सभी कामकाज ठप पड़ गया है। भाजपा के घोषणा पत्र में 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अति आवश्यक मानते हुए शीघ्र ही शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। इसके साथ ही सीएम द्वारा मोदी की गारंटी के तहत इसे पूरा करने का वादा भी किया गया था। पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए कमेटी का गठन कर प्रतिवेदन भी प्रस्तुत कर दी गई है परंतु अभी तक इस पर कोई ठोस पहल नही होने से पंचायत सचिव काफी क्षुब्ध और नाराज हैं। पंचायत सचिवों का कहना है कि इस बार आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी, जब तक हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। इसी क्रम में भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर सचिवों द्वारा धरना स्थल पर ही मंत्रिमंडल के सद्बुद्धि के लिए पूरे विधि विधान से माता कर्मा जयंती पर हवन पुजन का कार्यक्रम किया। इस दौरान सचिव संघ राजपुर अध्यक्ष अशोक गुप्ता, नरेंद्र जायसवाल, उपाध्यक्ष लालसाय प्रजापति, सचिव शेखर कुजूर, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अगस्तुस टोप्पो, कृष्णानंद तिवारी, देवीदयाल मरावी, जयपाल सिंह, कल्लू राम, सुनील तिवारी, प्रदीप जायसवाल, दिलीप जायसवाल, मुकेश सोनी, देवनाथ पांडे आदि मौजूद थे।

### जहरखुरानी से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** जहरखुरानी से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के ओड़गी अंतर्गत ग्राम मसनकी निवासी 25 वर्षीय सुनीता सिंह का पति अहिबरन गोंड 18 मार्च को बच्ची के साथ बाजार जा रहा था। इस दौरान महिला ने पति को बाजार से कुछ सामान लाने को बोला था। शाम को 5 बजे जब अहिबरन गोंड वापस घर लौटा तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी। इस दौरान युवक की मां ने बताया कि उसकी पत्नी पेड़ के नीचे सो रही है। जब युवक मौके पर पहुंचा तो पत्नी सुनीता सिंह शराब के नशे में थी। ऐसे में उसने पत्नी को उठाकर किसी तरह घर लाकर सुला दिया। देर शाम सोते समय ही महिला ने कीटनाशक पी लिया और फिर घर से निकल गई। 19 मार्च को ग्रामीणों ने सुनीता सिंह के नाला के पास होने की जानकारी परिजन को दी। सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो महिला बेहोश थी। ऐसे में उसे उपचार के लिए ओड़गी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला द्वारा जहर खुरानी की पुष्टि होने पर उसे सूरजपुर जिला अस्पताल रिफर किया गया था। सूरजपुर से महिला को 24 मार्च को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां 25 मार्च को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## शाम ढलते ही लगता है शराबियों का जमावड़ा

# असामाजिक तत्वों का अड्डा बना स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

शासन-प्रशासन द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करती है। खिलाड़ियों को खेल कूद के लिए बेहतर मैदान उपलब्ध हो इसके लिए शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम का निर्माण किया गया है। शासन द्वारा लाखों रुपये खर्च कर स्टेडियम का निर्माण किया जाता है परंतु रखरखाव के अभाव में न सिर्फ स्टेडियम की हालत दयनीय हो जाती है बल्कि असामाजिक तत्वों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन जाता है। कुछ इस तरह की स्थिति नगर के एकमात्र बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड की है जो इन दिनों असामाजिक तत्वों व नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। आलम यह है कि शाम ढलते ही नशेड़ियों का जमावड़ा स्टेडियम में जमा हो जाती है जो शराब सहित अन्य नशा खोरी को अंजाम देते है। ऐसा नहीं है कि स्टेडियम में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताएं नहीं होती बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से नशेड़ियों के हौसले बुलंद है।इधर स्टेडियम में नशेड़ियों के अड्डा बन जाने पर नगर वासियों ने नशेड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा स्टेडियम के देखरेख किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- देख रेख के अभाव में स्टेडियम की हालत दयनीय

नगर का एकमात्र बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड जहां फुटबॉल,क्रिकेट के अलावा कई धार्मिक व राजनीतिक आयोजन सहित खेल प्रेमियों के लिए एक मात्र स्थान है। इन दिनों स्टेडियम ग्राउंड नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही शाम ढलते ही स्टेडियम ग्राउंड में नशेडी शराब व कोरेक्स जैसे मादक पदार्थ पीकर स्टेडियम में ही कांच की बोतलों को फोड़ देते हैं। ग्राउंड में जगह-जगह कांच की बखरे बोतल के टुकड़े आसानी से देखा जा सकता है। पुलिस की निरंतर मॉनिटरिंग नहीं होने के कारण नशेड़ी एवं असामाजिक तत्वों पर न सिर्फ पुलिस का खौफ खत्म हो गया है बल्कि उनके हौसले बुलंद हो गए है।इधर खेल आयोजनकर्ता एवं खेल प्रेमियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।खेल प्रेमियों में असामाजिक तत्वों के खिलाफ आक्रोश है। रोजाना दर्जनों के संख्या में शराब की बोटल फूटे हालत में कांच के टुकड़े चारों ओर बिखरे हुए मिलते हैं। लोगों का कहना है कि नगर का एकमात्र स्टेडियम ग्राउंड होने के कारण विभिन्न प्रकार के आयोजन स्टेडियम ग्राउंड में होते रहते हैं। कांच के टूकड़े ग्राउंड में बिखरे होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शराबियों ने स्टेडियम ग्राउंड को शराब का अड्डा बना दिया है जहां लोगों का आना-जाना भी दूभर हो गया है। स्टेडियम ग्राउंड वर्षो पुराना है और देख रेख के अभाव में खेल ग्राउंड की हालत काफी दयनीय हो गई है। शासन प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देते जिस कारण स्टेडियम की हालत और भी दयनीय हो गई है।



देखरेख के अभाव में बदहाल स्टेडियम।

### खेल प्रेमी ही करते है साफ सफाई

देखरेख के अभाव में स्टेडियम की हालत काफी दयनीय हो गई है। ऐसे में स्टेडियम का अस्तित्व बचाने खेल प्रेमी नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहन पांडे, दीनानाथ गुप्ता, योगेंद्र सिंह,अरविंद कश्यप, विजय ठाकुर,रहीम खान सहित दर्जनों लोग खुद ही नगर के एकमात्र स्टेडियम का देख रेख व साफ सफाई करते हैं। उन्होंने बताया कि इस ग्राउंड में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तरीय तक की खेल आयोजित होते हैं जहां बड़ी संख्या में नगर वासी सहित ग्रामीण उपस्थित होते हैं। इस ग्राउंड की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। अगर शासन प्रशासन इस पर ध्यान दे तो यह नगर का सर्वश्रेष्ठ खेल मैदान बनकर उभरेगा।

### नशेड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

नगर के एकमात्र स्टेडियम में शाम ढलते ही नशेड़ियों के जमावड़ा होने पर नगर के लोगों ने आपराधिक तत्व व नशेड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग प्रतापपुर पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक से की है तथा नशेड़ियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग हैं। खेल आयोजन कर्ताओं एवं खेल प्रेमियों का कहना है कि शराबियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजना आवश्यक है ताकि नशेड़ियों को सीख मिले। साथ ही पुलिस की निरंतर पुलिस द्वारा गश्त किए जाने की मांग की है। नशेड़ियों के विरूद्ध कार्रवाई होने से पुलिस का खौफ सहित खेल प्रेमियों में शांति बनी रहेगी।

### कांच के टुकड़े लोगों के लिए खतरनाक

नगर के एकमात्र स्टेडियम होने के कारण बड़ी संख्या में लोग सुबह स्टेडियम पहुंचते है। ऐसे में स्टेडियम में जगह जगह बिखरे कांच के टुकड़े लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकते है। इसके अलावा स्टेडियम ग्राउंड के बगल में विकास खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षा विभाग का कार्यालय सहित स्कूल का भी संचालन होता है जहां स्कूली बच्चे भी स्टेडियम ग्राउंड में दिन में खेलते हैं। कई बार तो बच्चों को भी चोट आ जाती है। खिलाड़ियों को कांच चुभने के कारण लंबे समय तक खेल से वंचित होना पड़ता है।

### बढ़ाई जाएगी गश्त

नशेड़ियों एवं असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसा जाएगा। जो भी मौके पर पकड़े जाएंगे उनके विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस की गश्त बढ़ाने के साथ ही निरंतर गश्त की जाएगी।

-लक्ष्मण सिंह
थाना प्रभारी प्रतापपुर

## शक्कर कारखाना के निजीकरण के विरोध में धरना- प्रदर्शन 29 को

**प्रतापपुर।** किसानों के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में 29 मार्च की दोपहर 1.30 बजे विशाल धरना प्रदर्शन शक्कर कारखाना के मुख्य गेट पर आयोजित किया जाएगा। किसानों के विभिन्न मांग को लेकर धरना प्रदर्शन छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव एवं पूर्व सहकारिता और शिक्षा मंत्री डॉक्टर प्रेमसाय सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया है। धरना प्रदर्शन में तीनों जिला के जिला अध्यक्ष,सरगुजा संभाग के विधायक, जनप्रतिनिधि, किसान, आम जनता, कांग्रेस के पदाधिकारी सहित दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार सिंहदेव ने बताया है कि शक्कर कारखाना के निजीकरण के विरोध में उग्र आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ. अभिजीत कुमार MD, DM (Neurogist)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन MS, MCH (Neurosurgery) Brain And Spine Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूण अय्यर MBBS, MD, DM Gastroenterology
30 मार्च 2025 प्रत्येक माह के पांचवा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र) ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600 आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

## तहसील साहू संघ ने धूमधाम से मनाई मां कर्मा जयंती

- साहू समाज के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित



**सूरजपुर।** जिला मुख्यालय में तहसील साहू संघ द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती के अवसर पर दुर्गा बाड़ी भैयाथान रोड से बाजे गाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकली गई। शोभा यात्रा नगर भ्रमण उपरान्त माता कर्मा चौक पहुंची जहां भजन कीर्तन के बाद प्रसाद का वितरण किया गा। इस दौरान जिला अध्यक्ष जोखन साहू ने कहा कि माता कर्मा साहू समाज की आराध्य देवी है जिन्होंने साहू समाज के हितों की रक्षा अपने भक्ति के माध्यम से की। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर ही साहू समाज को चलना चाहिए और धर्म के क्षेत्र में हमें आगे रहना चाहिए।

पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृपाल साहू ने कहा कि समाज के लोग संगठित होकर समाज के लोगों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष थलेश्वर साहू ने कहा कि सूरजपुर जिले में हमारी संख्या बहुतायत में है और हमारा समाज अब राजनीतिक सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्र में आगे बढ़कर कार्य कर रहा है आने वाले समय में हमारी भूमिका समाज के प्रति और बढ़ने वाली है हम सब एकजुट होकर समाज के सभी कार्यों में भाग लें। तहसील साहू संघ द्वारा कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद सूरजपुर में साहू समाज के नवनिर्वाचित 6 पार्षद वार्ड क्रमांक तीन से प्यारेलाल साहू, वार्ड क्रमांक 5 से प्रशांत साहू, वार्ड क्रमांक 7 से गैबिनाथ साहू, वार्ड क्रमांक 13 से पवन साहू, वार्ड क्रमांक 14 से राजेश साहू, वार्ड क्रमांक15 से पिंकी साहू का फूल माला और शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान तहसील साहू संघ के अध्यक्ष अशोक साहू, सुशील साहू, राम प्रान साहू, ओम प्रकाश साहू को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राम जी साहू, मनीष साहू, दीपक साहू, रमेश साहू, महेंद्र साहू, वीरेंद्र साहू, विशाल साहू, रामविलास साहू, मनोज कुमार साहू, अशोक साहू, रमेश साहू, दयाराम साहू, आत्माराम साहू, गिरधारी साहू, मुरारी साहू, विकास साहू, संतलाल साहू, भागीरथी, नीरज साहू, नरेंद्र साहू, शिव शंकर साहू, लालजी साहू, महेंद्र साहू, सोनू साहू, धर्मेंद्र साहू, बबल साहू, राकेश साहू, देवंती साहू, आशा साहू, बबली साहू, राजकुमारी साहू, सुमित्रा साहू, छाया साहू, मोनिका साहू, पार्वती साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## ट्रैक्टर पलटने से गंभीर चालक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लुचकी घाट के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में गंभीर हुए चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बताया जा रहा है ट्रैक्टर में ब्रेक ही नहीं था जिससे दुर्घटना हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम करमडीहा निवासी रमेश आयम आ. चिंताराम आयम (32 वर्ष) पिछले 5 साल से प्रकाश राय के यहां ट्रैक्टर चलाने का काम करता था। मंगलवार को लुचकी घाट में प्रकाश राय द्वारा कराए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य में काम करने के पश्चात ट्रैक्टर लेकर वापस शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही चालक वाहन लेकर लुचकी घाट के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर से नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। वाहन के नीचे दब जाने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई सुरेश ने बताया कि जिस ट्रैक्टर से दुर्घटना हुई उसका ब्रेक ही नहीं था और रमेश के अलावा उसे कोई दूसरा नहीं चला पाता था। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

TOP IN SURGUJA
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALTY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
• जटिल अस्थमा (दमा)
• टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
• गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
• बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
• छाती में भारीपन और सांस फूलना
• छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
• छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
• खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
• बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
• खांसी में खून आना

**न्यायालयः डी.एस. बघेल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

**-ईश्तहार-**

प्रोसेस नम्बर- 117/25
उ.प्र.क्र.-10/2025
पेशी तिथि 28/04/2025

श्रीमती पुष्पा देवी पुत्री राजमणी दुबे पति सुधाकर दुबे उम्र लगभग 40 वर्ष जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम- बनपुरवा वार्ड क्रमांक 10 पोस्ट तिलदाग तहसील गढ़वा जिला गढ़वा (झारखण्ड) वर्तमान पता ग्राम शांतीनगर, शिवनदनपुर पोस्ट विश्रामपुर तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.) --- आवेदिका

1- जय कुमार दुबे आ. स्व. राजमणी दुबे उम्र लगभग 54 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम शांतीनगर, शिवनंदनपुर पोस्ट विश्रामपुर तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
2- श्रीमती उषा देवी पुत्री राजमणी दुबे पति रवि रंजन तिवारी उम्र लगभग 36 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम तोलरा पोस्ट तोलरा थाना व तहसील रेहला जिला पलामू (झारखण्ड) वर्तमान पता- ग्राम शांतीनगर, शिवनंदनपुर पोस्ट बिश्रामपुर तहसील सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)
3- शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर थाना बिश्रामपुर, तहसील सूरजपुर जिला सूरजपुर (छ.ग.)
4- आम जनता। -------अनावेदकगण

**ईश्तहार**

इस ईश्तहार के जरिये अनावेदकगण व आम जनता सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका एवं अनावेदकगण क्र.-1 व 2 की माता स्व. श्रीमती सुमति देवी की मृत्यु दिनांक 01/01/2023 को हो चुका है। आवेदिका एवं अनावेदकगण क्र.-1 व 2 के पिता स्व. राजमणी की मृत्यु दिनांक 03.02.2023 को हो चुका है। आवेदिका एवं अनावेदकगण क्र.-1 व 2 की माता स्व. श्रीमती सुमति देवी की मृत्यु के पश्चात उसके उत्तराधिकारी आवेदकगण हैं, जो इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा. उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत किये हैं। स्व. श्रीमती सुमति देवी की मृत्यु के पश्चात स्व. श्रीमती सुमति देवी के नाम से अनावेदकगण क्रमांक 03 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर का खाता क्रमांक-10996466960 में SBI Equity Haybrid Fund- Regular Plan-Growth स्कीम का बैंक में जमा राशि ब्याज सहित प्राप्त करने हेतु, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की आवश्यकता आवेदिका को है, स्व. श्रीमती सुमति देवी निवासी ग्राम- शांतीनगर, शिवनंदनपुर पोस्ट विश्रामपुर तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) की मृत्यु के उपरांत, प्रथम उत्तराधिकारी आवेदिका ही हैं। यदि कोई व्यक्ति कोई दावा या हक रखते है, तो मय कैफियत के साथ पेशी दिनांक 28/04/2025 को दिन के ठीक 11:00 बजे, इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हों।

अतः आप बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं, तो, आपके विरुद्ध, प्रकरण का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है या कार्य दिवस स्थगित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि को किया जावेगा।

आज दिनाक 24/03/2025 को इस न्यायालय कि मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(डी.एस.बघेल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)



## लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित हो तो अवश्य मिलती है सफलता

- उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**प्रतापपुर।** अचीवर्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लों के आतिथ्य घोषित किया गया। समारोह में बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य अशोक तिवारी ने विद्यालयीन गतिविधियों एवं भावी योजनाओं का प्रतिवेदन व परीक्षा परिणाम की घोषणा की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ढिल्लो ने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ध्यान केवल लक्ष्य पर केंद्रित होना चाहिए। कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। असफल वही होता है जो परिस्थितियों से निराश होकर हार मान लेता है। लक्ष्य को पाने का जुनून हो तो मंजिल कितनी भी दूर क्यों न हो, सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने इंटरनेशनल साइंस, मैथ्स एवं इंग्लिश ओलंपियाड में जिला स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले संस्थान के विद्यार्थियों को भी मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधन की श्रीमती प्रेमवती मिश्रा, सेवानिवृत्ति वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र पांडेय, रनहत के प्राचार्य घनश्याम पांडेय, प्रवीण दुबे, राजेश कश्यप, अय्यप्पा नायडू, शिव मंगल गुप्ता, नीरज तिवारी, जवाहर यादव, रामचंद्र यादव, पवन गुप्ता, संतोष जायसवाल, मनीष सिंघल आदि उपस्थित थे।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिनिक
होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
• सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
• पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
• झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
• Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
• जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
• लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
• Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, मॉसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द),सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
• पेशाब में जलन।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब बार-बार होना।
• किडनी, पेशाब थैली।
• पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
• गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
• अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 30मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय श्याम संकीर्तन महोत्सव 10 से



**रामानुजगंज।** श्याम परिवार द्वारा श्याम संकीर्तन महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें पहले दिन श्याम ध्वजा यात्रा 10 अप्रैल को प्राचीन राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण के पश्चात रानी सती मंदिर में समाप्त होगी। दूसरे दिन 11 अप्रैल को श्री खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार एवं भजन कीर्तन नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया जा रहा है जिसे लेकर व्यापक स्तर में तैयार की जा रही है। नगर में पहली बार आयोजित होने वाले श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव को लेकर नगर के धर्म प्रेमी लोगों में उत्साह है। आयोजन को लेकर व्यापक स्तर में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।आयोजक करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम परिवार द्वारा आयोजन को लेकर कई दिन पूर्व से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। अब तैयारी को अंतिम रूप देने की ओर समिति अग्रसर हैद्ध पूरे नगर में आयोजन को लेकर जबरदस्त उत्साह एवं उत्सुकता है। नगर में बड़ी संख्या में श्याम भक्त आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नगर के गांधी मैदान में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक संजीव शर्मा एवं गायिका नम्रता करवा, संजना सांवरिया, सुजीत सोनी, संजीव सांवरिया द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन समिति द्वारा भव्य रूप से गांधी मैदान को सजाया जाएगा।

### नवोदय विद्यालय में डीवीएम स्कूल के आशुतोष का चयन



**भटगांव।** ग्राम पंचायत जरही स्थित डीवीएम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आशुतोष भगवत ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन समिति ने आशुतोष के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि छात्रों का सर्वश्रेष्ठ शिक्षा और मार्गदर्शन देने के लिए संस्थान लगातार प्रयासरत है।

### आर्य साहू का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**लखनपुर।** विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरजा निवासी आर्य साहू आ. दुर्गा प्रसाद साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय चयन हुआ है। आर्य साहू ने 6 वीं कक्ष में प्रवेश हेतु परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफतला हासिल की है। 6वीं कक्षा में चयन होने पर समाज के लोगों के साथ ही परिजन और मित्रों में हर्ष का माहौल है। आर्य साहू सेजस उदयपुर का छात्र रह चुका है और। उपलब्धि पर स्कूल प्रधानपाठक डुमेश वर्मा सहित सेजस उदयपुर के समस्त स्टाफ के सदस्यों ने बधाई दी और इनकी उज्जवल भविष्य की कामना की

### किस्मत नर्सिंग कॉलेज में मनाया गया विश्व टीबी दिवस




**रामानुजगंज।** कंचन नगर स्थित किस्मत नर्सिंग कॉलेज विश्व टीबी दिवस मनाया गया। दुनिया की सबसे घातक संक्रामक बीमारी टीबी को खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया गया। किस्मत नर्सिंग कॉलेज के तीसरे सेमेस्टर के छात्रों ने सिविल अस्पताल में टीबी के बारे में शिक्षा देने के लिए इस दिन को मनाया। इस दौरान अस्पताल स्टाफ, शिक्षक एवं छात्र छात्राओं उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने पेयजल और स्वच्छता को लेकर वार्डों का किया निरीक्षण



**लखनपुर।** नगर पंचायत लखनपुर में नए परिषद के गठन होने के बाद नगर को साफ स्वच्छ सुंदर बनाने की दिशा में नपं सीएमओ विद्यासागर चौधरी द्वारा पहल की गई है। ग्रीष्मकाल में नगर के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, नाली सड़क व नगर मे सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान सीएमओ द्वारा वार्डों का भ्रमण कर बेहतर साफ सफाई व हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचने का निर्देश दिया। वार्ड क्रमांक 6 मौलाना अब्दुल कलाम वार्ड कई जगह पाइपलाइन लीकेज की समस्या थी जबकि वार्ड क्रमांक 5 में पानी की समस्या थी जिसपर उन्होंने कर्मचारियों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दी। इसके अलावा लखनपुर नगर पंचायत के सभी वार्डों में जल संकट से निपटने के लिए वार्डों में कम होते जल स्तर को लेकर जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने हेतु जरूरी उपायों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किए जाने के निर्देश दिए गए।

## शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव

# वासुदेव नगर के नाम से जाना जाएगा वाड्रफनगर, नगर पंचायत में प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

वाड्रफनगर का नाम बदलकर वासुदेव नगर कर दिया जाएगा। नगर पंचायत के परिषद की बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व भाजपा पार्षदों द्वारा बहुमत के साथ नाम परिवर्तन हेतु प्रस्ताव पास कर दिया गया है। अब इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा जिसके बाद शासन द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के बाद विकासखंड को वासुदेव नगर के नाम से जाना जाएगा।

**खास बात**
- चुनावी घोषणा में किया गया था वादा

बता दें कि इस बार वाड्रफनगर नगर पंचायत में भाजपा की सरकार चुनाव जीतकर आई है। इस बार भाजपा पार्टी और संघ की ओर से यह प्रचार किया जा रहा था कि यदि नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनती है तो वाड्रफनगर का नाम बदल दिया जाएगा। इसके साथ ही वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा शासन काल के दौरान पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने एक भागवत कथा मंच से ही यह घोषणा की थी कि वाड्रफनगर का नाम बदलकर वासुदेव नगर किया जाएगा और यही से नाम परिवर्तन को बल मिला। भाजपा और संघ की ओर से लगातार इसकी मांग की जा रही थी। अब नगर पंचायत में भाजपा की सरकार बनने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष मान सिंह के नेतृत्व में 24 मार्च को पहली नगर पंचायत परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। परिषद की बैठक में पहले निर्णय के रूप में यह प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा पेश किया गया कि वाड्रफनगर का नाम बदलकर वासुदेव नगर किया जाए। नगर पंचायत में नाम परिवर्तन को अध्यक्ष मानसिंह और 9 पार्षदों का समर्थन मिला और पूर्ण बहुमत के आधार पर नाम परिवर्तन के फैसले को पारित कर दिया गया है। अब नगर पंचायत द्वारा नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा जहां से गजट नोटिफिकेशन के बाद नाम परिवर्तन की अधिसूचना जारी की जाएगी।



नगर पंचायत की बैठक में चर्चा करते जनप्रतिनिधि।

**इस लिए बदला जा रहा नाम**

बता दें कि वाड्रफनगर का नाम सर वाड्रफ के नाम पर पड़ा था। इससे पहले वाड्रफनगर को गरिया नाम से जाना जाता था लेकिन ब्रिटिश शासन काल में राज परिवार की अनुमति से सर वाड्रफ शिकार के लिए गए हुए थे इस दौरान उन्हें यह क्षेत्र काफी पसंद आया और वे इसी क्षेत्र में बस गए थे। तभी से इसे वाड्रफनगर के नाम से जाना जाता है। यही वजह है कि भाजपा और संघ अंग्रेजी शासन काल के दौरान रखे गए नाम को बदलने पर जोर दिया जा रहा है। नाम परिवर्तन के प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद अब इस बात ओ लेकर भी चर्चा हो रही है कि आने वाले समय में नागरिकों को खासी परेशानियों का सामना करना पडेगा।

**बहुमत से किया पास**

2018 में भागवत में शामिल होने आए पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने वाड्रफनगर का नाम बदलकर वासुदेव नगर करने की घोषणा की थी। हमने भी नगर पंचायत चुनाव के दौरान जनता से नाम परिवर्तन का वादा किया था और परिषद की बैठक में पहले एजेंडे के रूप में बहुमत के साथ नाम परिवर्तन का प्रस्ताव पास किया गया है। अब इस प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा।

-मान सिंह, अध्यक्ष नपं




# बिलासपुर में प्रधानमंत्री की आम सभा को लेकर भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिलासपुर के मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई।

- शामिल होंगे सरगुजा के दो हजार जनप्रतिनिधि

बैठक में जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि बिलासपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आम सभा में सरगुजा से लगभग दो हजार भाजपा के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के जाने का लक्ष्य मिला है। सभी मंडल प्रभारी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंडलों में बैठक करेंगे तथा जाने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम हेतु जिला संयोजक श्रीमती निरूपा सिंह, सह संयोजक अभिमन्यु गुप्ता, देवनारायण यादव, विधानसभा प्रभारी अम्बिकापुर राजेश अग्रवाल, सीतापुर के रामकुमार टोप्पो, लुंड्रा प्रबोध मिंज सहित अन्य पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की।

मां महामाया मंडल प्रभारी श्रीमती मंजूषा भगत, मां समलाया मंडल हरमिंदर सिंह टिन्नी, अंबिकापुर ग्रामीण विवेक सिंह, लखनपुर दिनेश साहू, रामगढ़ राधेश्याम ठाकुर, देवगढ़ दीपक सिंघल, लुंड्रा सतीश जायसवाल, धौरपुर वैभव सिंह देव, दरिमा रामशरण सिंह, परसा विजय व्यापारी, कुन्नी विक्रम सिंह, सीतापुर अनिल अग्रवाल, बतौली हरि गुप्ता, मैनपाट अनिल सिंह, राजापुर संतोषी पैकरा तथा नवानगर के लिए बालीचरण यादव को कार्यक्रम प्रभारी की जवाबदारी दी। अनुराग सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के भाजपा जन प्रतिनिधियों से मोदी जी मिलना चाहते हैं, इसलिए यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों की गति देखकर ऐसा लगता है कि देश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य 2047 से पहले ही पूरा हो जाएगा। ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि पंचायत से संसद तक भाजपा के जनप्रतिनिधि इतनी बड़ी संख्या में पहली बार जीत कर आए है। वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक सफलता मिली है हमें जनता के उम्मीदों पर खरा उतरना है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवनाथ सिंह पैकरा तथा आभार प्रदर्शन हरपाल सिंह भामरा ने किया। इस दौरान महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, फूलेश्वरी सिंह, अरूण सिंह, प्रशांत त्रिपाठी, अंबिकेश केशरी, विनोद हर्ष, राजा राम भगत, डीके पुरिया, मधु चौदहा, राधेश्याम ठाकुर, विजय व्यापारी, रोशन गुप्ता, विकास पाण्डेय, संतोष दास, रूपेश दुबे, अभिषेक शर्मा, मधुसूदन शुक्ला, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, विद्यानंद मिश्रा, जितेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आरक्षक ने की धोखाधड़ी, युवक ने आईजी को ज्ञापन सौंप लगाई मदद की गुहार

**बतौली/सेदम।** ग्रामीण युवक ने पुलिसकर्मी पर धोखाधड़ी और झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाते हुए आईजी से मत्त की गुहार लगाई है। युवक ने आईजी एसपी को ज्ञापन सौपकर थाने में पदस्थ आरक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने और उसे झूठे केस से बाहर निकालने की मांग की है।

- धोखे से ड्राइविंग लाइसेंस लेकर झूटे दुर्घटना के केस में फंसाने का आरोप



शांतिपारा निवासी बिरेन्द्र तिवारी आ. अशोक तिवारी के अनुसार वह बिजली तार जोड़ने का काम करता है और विद्युत तार सुधार के नाम पर वह अक्सर बतौली थाना भी आना जाना करता था इसी दौरान उसकी पहचान थाने में पदस्थ आरक्षक अशोक भगत से हुई थी। युवक के अनुसार आरक्षक अशोक भगत द्वारा एक वर्ष पूर्व थाना कोतवाली अंतर्गत लालमाटी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में अपनी इनोवा कार क्रमांक सीजी 15 बी टी 4177 से 9 मार्च 2024 को स्वयं गाड़ी को चलाकर सामने से आ रही स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी थी। इस घटना में स्कूटी चला रहे 19 वर्षीय सुमेन दास आ. विजय दास की मौत हो गई जबकि पीछे बैठे सोनाई चंद की गंभीर स्थिति बनी हुए थी। आरोप है कि इस घटना को छिपाते हुए आरक्षक ने दोस्ती का फायदा उठाते हुए कहा कि उसकी कार खम्बा से टकरा गई है और उसका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिल रहा है। यदि वह अपना ड्राइविंग लाइसेंस दे देगा तो इंश्योरेंस क्लेम मिल जाएगा। आरोप है कि धोखा देकर आरक्षक द्वारा बिरेन्द्र तिवारी का लाइसेंस, आधार कार्ड लेकर शो रूम के कागज पर हस्ताक्षर कराया गया। अब दुर्घटना से अनजान बिरेन्द्र को बिलासपुर न्यायालय से नोटिस जारी किया गया है और मृत युवक समेत घायल युवक को 32 लाख रूपए की क्लेम राशि भुगतान करने और न्यायालय में उपस्थित होने को कहा गया है। जब उसने आरक्षक से इस बारे में पूछताछ की तो आरक्षक ने फिर से एक अनुबंध तैयार कराया जिसमें कहा गया कि सम्पुर्ण व्यय वहन वह स्वयं करेगा लेकिन अब वह मुकर गया और अब पुलिस द्वारा उसे परेशान किया जा रहा है। युवक ने बताया कि उसने आरक्षक के खिलाफ एसपी, आईजी से शिकायत करते हुए मदद की गुहार लगाई है ताकि उसे इंसाफ मिल सके। युवक ने बताया कि जिस दिन की घटना के नाम पर आरक्षक द्वारा उसे फंसाया जा रहा है उस दिन वह यूपी के प्रयाग राज में था।

इस मामले में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नातिन से मिलने गए नाना-नानी के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुटुंब न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के बाद अपनी नतनिन से मिलने गए नाना नानी की परिवार के सदस्यों ने बेदम पिटाई कर दी। इस घटना में बुजुर्ग दम्पति और उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हद तो तब हो गई जब घायलों को लेकर पुलिस अस्पताल पहुंची। दूसरा पक्ष भी अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान उन्होंने परिवार के सदस्यों की अस्पताल के अन्दर ही जमकर पिटाई की। इस घटना से अस्पताल परिसर में हडकंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। मौके पर मौजूद पुलिस द्वारा किसी तरह स्थिति को संभाला। फिलहाल घटना में घायल बुजुर्ग दम्पति समेत तीन को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- कोर्ट के आदेश पर गए थे दामाद के घर, अस्पताल परिसर में भी घुसकर मचाया आतंक



घटना स्थल पर लोगों की भीड़।

बताया जा रहा है कि नवागढ़ निवासी महबूब अंसारी और सलामुन अंसारी के पुत्री की शादी अयान मार्ग निवासी आदिल खलीफा आ. मुजाहिद खलीफा से चार वर्ष पूर्व हुआ था। इस दौरान उनकी एक बच्ची हुई लेकिन बाद में बीमारी के कारण महबूब अंसारी और सलामुन अंसारी के पुत्री की मौत हो गई थी। बेटी की मौत के बाद उनकी नतनिन अपने अपने पिटा के घर में रहती है। महबूब अंसारी और सलामुन अंसारी ने बताया कि जब उन्होंने अपनी नतनिन से मिलना चाहा तो उन्होंने मिलने से मना कर दिया। वे बच्ची को अपने नाना नानी और मामू से मिलने नहीं दे रहे थे ऐसे में उन्होंने कुटुंब न्यायालय में केस लगाया था। कुटुंब न्यायालय से ही फैसला दिया गया था कि प्रत्येक मंगलवार को वे अपनी नतनिन से मिल सकते है।

इसी लिए वे मंगलवार को अपनी नतनिन से मिलने के लिए आदिल के घर पहुंचे थे। आरोप है कि कोर्ट का आदेश होते हुए भी आदिल ने नाना नानी को बच्ची से मिलने नहीं दिया। इसके साथ ही उसने उनकी पिटाई कर दी। जब मारपीट की जानकारी महबूब अंसारी के पुत्र रुहुल अमीन को मिली तो वह भी मौके पर पहुंचा इस दौरान उन्होंने युवक की भी पिटाई कर दी। मारपीट के मामले में घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने जब घायलों को उपचार और मुआहिजा के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया तो आदिल खलीफा भी बड़ी संख्या में लोगों के साथ अस्पताल पहुंच गया। इस दौरान उनके साथ मारपीट की गई। दो पक्षों के बीच अस्पताल परिसर में हुई मारपीट की घटना से हडकंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। फिलहाल इस घटना में घायल बुजुर्ग दम्पति महबूब अंसारी और सलामुन अंसारी व पुत्र रुहुल अमीन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बनवारी सिंह बने सरपंच संघ के अध्यक्ष, सर्व सम्मति से हुआ चुनाव

**लखनपुर।** जनपद पंचायत सभाकक्ष में सरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सरपंच संघ की नई कार्यकारिणी गठन को लेकर चर्चा की गई और अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत अन्य पदों पर सर्व सहमती से निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर चर्चा की गई और रघुवीर प्रसाद सूर्यवंशी के द्वारा सरपंच संघ को संविधान की किताब भेंट के रूप में दी गई। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति सरपंच संघ का अध्यक्ष जयपुर सरपंच बनवारी आर्मो को मनोनीत किया गया। इसी तरह कलावती सिंह पोर्ते उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत कोरजा, जामुनी लकड़ा उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत सिंगीताना, दिलमनी सिंह पैकरा सचिव ग्राम पंचायत तराजू, हरिराम लकड़ा कोषाध्यक्ष ग्राम पंचायत लोसंगा, जय सिंह कुरूम कोषाध्यक्ष ग्राम पंचायत निम्हा, विपिन सिंह पैकरा मीडिया प्रभारी ग्राम पंचायत बेलखरिखा, मैनेजर सिंह पैकरा मीडिया प्रभारी ग्राम पंचायत केवरी को बनाया गया। इस दौरान 74 ग्राम पंचायत के सभी सरपंच एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# कोल इंडिया ने ड्रेस कोड लागू करने किया समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोल इंडिया लिमिटेड ने गत दिनों 21 मार्च को एपेक्स कमेटी के साथ वर्चुअल बैठक कर कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू करने सहमति बनाई है। इस दौरान वर्दी का रंग सहित अन्य बातों के निर्धारण के लिए एक समिति का गठन किए जाने का निर्णय लेने पश्चात अब सीआईएल प्रबंधन ने समिति का गठन भी कर दिया है। इस कमेटी में प्रबंधन और यूनियन के प्रतिनिधि सम्मिलित किए गए हैं। कमेटी में प्रबंधन की तरफ से केशव राव, निदेशक मानव संसाधन एमसीएल, डॉ. हेमंत शरद पांडेय, निदेशक मानव संसाधन डब्ल्यूसीएल, ई. कार्तिकेयन, जीएम एसएंडआर सीआईएल, एसके मैमुद अली, जीएम एमएम सीआईएल, सुश्री रोंटी बसु, जीएम वित्त एसईसीएल, गौतम बनर्जी, जीएम एचआर-आईआर सीआईएल समन्वयक के अलावा यूनियन की तरफ से सुजीत सिंह बीएमएस, रंजन बेहरा बीएमएस, विनय सिंह एचएमएस, अजय कुमार एआईटीयूसी, मंतोष ताये सीआईटीयू द्वारा अपने गठन के 15 दिनों के भीतर सीआईएल के निदेशक मानव संसाधन को अपनी सिफारिशें व सुझाव प्रदान करेंगे। वहीं दूसरी तरफ एचएमएस यूनियन नेता शिवकुमार यादव ने ड्रेस कोड के निर्धारण के लिए सीआईएल प्रबंधन द्वारा पृथक से कमेटी बनाने के औचित्य पर ही सवाल उठाया है। उन्होंने गठित की गई कमेटी में बीएमएस से दो-दो प्रतिनिधि रखने का विरोध किया है।उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड के निर्धारण के लिए पृथक से कमेटी बनाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। इस विषय पर मानकीकरण समिति में चर्चा कर निर्णय लिया जा सकता है। इसे एपेक्स जेसीसी में ले जाया जा सकता था। कोल सेक्टर की सबसे बड़ी यूनियन हिंद मजदूर सभा है।

- एचएमएस यूनियन ने समिति सदस्यों के चयन पर उठाए सवाल

# ग्राम पंचायत करौली में हुआ 45 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**धौरपुर।** ग्राम पंचायत करौली में सनातन संस्कृति परिवार कथा सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन के अवसर पर चित्रकूट धाम से पधारे आचार्य पं. दुर्गेश महाराज के सानिध्य में 45 जोड़ी वर कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। नव दंपत्तियों का शुभ विवाह सैकड़ो श्रद्धालुओ की उपस्थिति में आचार्यों के वैदिक मंत्रों से सम्पन्न हुआ। आचार्य दुर्गेश महाराज नें नव वर वधुओं कों उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर सनातन संस्कृति परिवार सेवा समिति द्वारा नव वर कन्याओं को परिधान एवं गहने उपहार स्वरूप दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि सरपंच कार्यकाल के दौरान सपना देखा था कि अपनी ओर से निर्धन परिवार की कन्याओं का विवाह कराए जो आज जाकर सपना पूरा हुआ। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देव नारायण यादव, लुण्ड्रा भाजपा मण्डल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयंत मिंज, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती फूलेश्वरी पैकरा सहित अन्य अतिथियों ने नव दंपत्तियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।









